मध्य प्रदेश में खाना पकाने की गैस की कम और अनियमित सप्लाई

114. **श्री अजीत जोगी :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश में लगभग सभी स्थानों पर इस समय खाना पकाने की गैस की कम और अनियमित सप्लाई की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस स्थिति में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बह्म दत्त): (क) और (ख) आवागमन, औद्योगिक संबंधों तथा परिचालन संबंधी अन्य समस्याओं के अतिरिक्त एल पी जी की बड़ी मात्रा में उपलब्धता में कमी आने के परिणाम-स्वरूप हाल में मध्य प्रदेश सहित देश के अनेक भागों में अस्थायी रूप से एल पी जी रिफिलों की सप्लाई में बैकलॉग उत्पन्न हुआ । पहले से ही उठाए गए कदमों के फलस्वरूप स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है । देश में एलपीजी के अधिकतम उत्पादन के प्रयास किए जा रहे हैं और व्यवहार्य सीमा तक आयात के द्वारा भी सप्लाई को बढ़ाया जा रहा है । उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सप्लाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तेल उद्योग स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है ।

मारुति कार के कल पुर्जों के शत-प्रतिशत स्वदेशीकरण का लक्ष्य

115. **श्री अजीत जोगी :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मारुति उद्योग लिमिटेड के लिए मार्च, 1989 तक लगभग शत-प्रतिशत स्वदेशीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था और इस अवधि तक मारुति कार के सभी कल पुर्जों का देश में ही उत्पादन आरम्भ हो जाना था, किन्तु इस लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सका;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और शत-प्रतिशत स्वदेशीकरण के इस लक्ष्य को कब तक प्राप्त कर लिया जायेगा;

(ग) इस समय कल-पुर्जों के आयात पर प्रति कार कितनी राशि व्यय की जा रही है; और

(घ) क्या मारुति कारों के मूल्य में लगातार वृद्धि होने का एक कारण यह भी है ?

उद्योग मंत्री (श्री जे० वेंगलराव) : (क) मारुति उद्योग लिमिटेड की परियोजना रिपोर्ट में 95.3 प्रतिशत के परिकल्पित संचित स्वदेशी अंश के लक्ष्य की तुलना में 31-3-89 को कार के लिए प्राप्त संचित स्वदेशीकरण स्तर 86.23 प्रतिशत है ।

(ख) मारुति उद्योग लिमिटेड को 1990-91 तक 92 प्रतिशत का संचित स्वदेशीकरण प्राप्त करने की आशा है । आगामी स्वदेशीकरण उसकी लागत की प्रभावकारिता पर निर्भर करेगा ।

(ग) मार्च, 1989 के उत्पादन के लिए कार का पोत-पर्यन्त निःशुल्क आयातित किट मूल्य 524 डालर था ।

(घ) स्वदेशी और आयातित दोनों प्रकार के पुर्जों की लागत के अलावा मारुति कारों का मूल्य कई घटकों जैसे कच्चे माल की लागत, उपयोगिता, वेतन और मजदूरी राजकोषीय लेवियों, मुद्रा-विनिमय दरों, पर निर्भर करता है ।